संख्याः16/2017/266/तीस-1-2017-5(29)/2014

प्रेषक,

मुहम्मद अख़लाक़ खॉं,

विशेष सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,

उत्तर प्रदेश लखनऊ।

परिवहन अनुभाग-1 लखनऊः दिनाँक 31 मार्च,2017

विषयः बस स्टेशन रूपैडिहा जनपद बहराइच में बस टर्मिनल और डिपो वर्कशाप के निर्माण के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम, मुख्यालय लखनऊ के पत्र संख्या-580बी/डीए/प0/16-43जेईटी/वि०/14-15, दिनांक 26जुलाई, 2016के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश संख्या-14/533/तीस-1-2015-5(29)/2014, दिनांक 30.03.2015 द्वारा बस स्टेशन रूपैडिहा जनपद बहराइच में बस टर्मिनल और डिपो वर्कशाप के निर्माणहेतु उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम मुख्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये आगणन लागत रू0 938.03 लाख के सापेक्ष प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग द्वारा परीक्षणोंपरान्त आंकलित लागत रू०803.60 लाख (रूपये आठ करोड़ तीनलाख साठ हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति तथा वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-43 के अन्तर्गत आयोजनागत पक्ष के लेखाशीर्ष 5055-सड़क परिवहन पर पूंजीगत परिव्यय 190-सार्वजनिक क्षेत्र के तथा अन्य उपक्रमों में निवेश-03- उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में अंश पूंजी विनियोजन-30-निवेश/ऋण मद में प्राविधानित बजट के सापेक्ष कतिपय शर्तो के अधीन प्रथम किश्त के रूप में रू० 200.00 लाख (रूपये दो करोड़ मात्र) की धनराशिव्यय हेतु अवमुक्त की गयी है। उक्त के पश्चात शासनादेश संख्या-20/2016/142/तीस-1-2016-5(29)/2014, दिनांक 30.03.2016 द्वारा द्वितीय किश्त के रूप में रू० 200.00 लाख (रूपये दो करोड़ मात्र) की धनराशि व्यय हेतु अवमुक्त की गयी है। इस प्रकार अब तक उक्त निर्माण कार्य हेतु कुल रू० 400.00 लाख (रूपये चार करोड़ मात्र) की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है। उपरोक्त निर्माण कार्य हेतु यू0पी0 स्टेट कान्सट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लि0 लखनऊको कार्यदायी संस्था नामित किया गया है।

2- अब प्रकरण में परिवहन निगम मुख्यालय के पत्र संख्या-580बी/डीए/प0/16-43जेईटी/वि०/14-15, दिनांक 26जुलाई, 2016द्वारा प्रश्नगत निर्माण कार्य हेतु अवशेष रू०403.60 लाख की धनराशि अवमुक्त किये जाने का प्रस्ताव उपलबध कराया गया है। परिवहन निगम मुख्यालय के संदर्भित पत्र दिनांक 26.07.2016 में प्राप्त प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त वित्तीय

http://shasanadesh.up.nic.in

वर्ष 2016-17 में अनुदान संख्या-43 के लेखाशीर्ष-7055-सड़क परिवहन के लिए कर्ज 190-सार्वजनिक क्षेत्र के तथा अन्य उपक्रमों को कर्ज-03- उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम को कर्ज-30-निवेश/ऋण में प्राविधानित धनराशि रू० 50.00 करोड़ में से बस स्टेशन रूपैडिहा जनपद बहराइच में बस टर्मिनल और डिपो वर्कशाप के निर्माण कार्य हेतु तृतीय किश्त के रूप में रू० 238.24 लाख (रूपये दो करोड़ अड़तिस लाख चौबीस हजार मात्र) की धनराशि ऋण के रूप में निम्न शर्तो के अधीन स्वीकृतकिये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(1) ऋण की वापसी व्याज सहित 10 वर्षो की अवधि में की जायेगी।

(2) व्याज की दर 15 प्रतिशत वार्षिक होगी तथा नियमित भुगतान किये जाने की दशा में 3.5 प्रतिशत की छूट अनुमन्य होगी। इस प्रकार नियमित भुगतान की दशा में व्याज की प्रभावी दर 11.50 प्रतिशत होगी।

(3) मूलधन के प्रतिदान की पहली किस्त ऋण आहरण की तिथि से ठीक एक वर्ष बाद देय होगी। मूलधन का प्रतिदान 10 समान वार्षिक किस्तों में किया जायेगा।

(4) उपर्युक्त ब्याज दर अनन्तिम है। वर्ष 2017-18 के लिए अंतिम ब्याज दर के आदेश निर्गत होने पर ब्याज दर स्वत: संशोधित मानी जायेगी।

3- उक्त कार्य के लिए आंकलित की गयी लागत रू० 803.60 लाख (रूपये आठ करोड़ तीन लाख साठ हजार मात्र) के सापेक्ष वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2016/बी0-1-746/दस-2016-231/2016, दिनांक 22-03-2016 में निहित निर्देशों के क्रम में चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 में तृतीयकिश्त के रूप में रू0 238.24 लाख (रूपये दो करोड़ अड़तीस लाख चौबीस हजार मात्र) अवमुक्त किये जाने की स्वीकृति भी प्रदान की जाती है:-

4- उक्त आहरित धनराशि पी0एल0ए0/डिपोजिट खाते में जमा नहीं की जाएगी।

5- भवन का निर्माण समयबद्धता से पूर्ण कराया जाय। साथ ही गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय। मात्राओं को निर्माण के समय सुनिश्चित किये जाने का पूर्ण उत्तरदायित्व कार्यदायी संस्था का होगा, कराये जा रहे कार्यो की वर्तमान में तथा भवष्यि में पुनरावृत्ति/ द्विरावृत्ति न हो यह भी सुनिश्चित किया जायेगा।

6- स्वीकृत की जा रही उक्त धनराशि का मासिक विवरण प्रपत्र बी०एम०-13 में प्रतिमाह वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-9 एवं परिवहन अनुभाग-3, उत्तर प्रदेश शासन को उपलब्ध कराया जायेगा। उक्त धनराशि को व्यय करने से पूर्व वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2016/बी-1-746/दस-2016-23/2016, दिनांक 22.03.2016 में दिये गये निर्देशों तथा इस संबंध में समय-समय दिये गये निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगाा उक्त व्यय के संबंध में शासन को उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलबध कराने का उत्तरदायित्व आपका होगा।

7- निर्माण के समय कार्य की विशिष्टियां, मानक, गुणवत्ता एवं समयबद्धता अवश्य सुनिश्चित किये जाने का दायित्व यू0पी0 स्टेट कान्सट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लि0

http://shasanadesh.up.nic.in

लखनऊका होगा।

8- उक्त धनराशि का व्यय सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करने के उपरान्त किया जायेगा।

9- अन्य समस्त शर्ते पूर्व निर्गत शासनादेश संख्या-14/533/तीस-1-2015-5(29)/2014, दिनांक 30.03.2015 के अनुरूप यथावत रहेंगी।

10- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष-2016-17 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-43 के अन्तर्गत आयोजनागत पक्ष के लेखाशीर्ष 7055-सड़क परिवहन के लिए कर्ज 190-सार्वजनिक क्षेत्र के तथा अन्य उपक्रमों को कर्ज-03- उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम को कर्ज-30-निवेश/ऋण के नामें डाला जाएगा।

11- यह आदेश वित्त विभाग के अशा0संख्या-यू०ओ०-ई-9-94/दस-2017 दिनांक 31 मार्च, 2017 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किए जा रहे है।

भवदीय,

ह०

(मुहम्मद अख़लाक़ खाँ)

विशेष सचिव।

संख्याः16/2017/266/(1)/तीस-1-2017तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1.महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय,उ0प्र0 इलाहाबाद।

2.महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय,उ0प्र0 इलाहाबाद।

3.मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन,लखनऊ।

4.प्रबन्ध निदेशक,उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम,लखनऊ।

5. प्रबन्ध निदेशक, यू0पी0 स्टेट कान्सट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लि0 लखनऊ ।

6.वित्त नियन्त्रक,परिवहन आयुक्त,कार्यालय लखनऊ।

7.वित्त नियन्त्रक,उ0प्र0राज्य सड़क परिवहन निगम मुख्यालय,लखनऊ।

8.वित्त नियन्त्रक,यू0पी0 स्टेट कान्सट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लि0 लखनऊ।

9.नियोजन अनुभाग-4 ।

10.वित्त (व्यय-नियन्त्रण) अनुभाग-9/परिवहन अनुभाग-3।

11.निदेशक,वित्तीय एवं सांख्यकीय निदेशालय,जवाहर भवन,लखनऊ।

12.गाई फाइल।

आज्ञा से,

ह०

(सन्त लाल)

अनुसचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in